
# गजनी को भारतीय लुटेरा कहने पर बवाल

## पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की टिप्पणी को लेकर सियासी हलचल तेज

**नई दिल्ली, 30 जनवरी. पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के हालिया बयान ने एक नई ऐतिहासिक बहस को जन्म दिया है. उन्होंने महमूद गजनी और लोदी वंश को 'भारतीय लुटेरा' बताते हुए कहा कि वे विदेशी आक्रमणकारी नहीं थे, बल्कि भारतीय थे. उनका कहना है कि इतिहास को एक नई नजर से देखने की आवश्यकता है.**

अंसारी के इस बयान ने भारतीय जनता पार्टी को आलोचना करने का मौका दिया है, जिसमें कहा गया कि यह बयान ऐतिहासिक तथ्यों के खिलाफ है.



इस बयान ने एक बार फिर से इतिहास के उन हिस्सों को गरमाया है, जो लंबे समय से विवादित रहे हैं. पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने अपने ताजा बयान से भारतीय राजनीति और इतिहास में तूफान मचा दिया है. एक साक्षात्कार में उन्होंने महमूद गजनी और लोदी वंश के शासकों को 'भारतीय लुटेरा' करार दिया और कहा कि उन्हें विदेशी आक्रमणकारी मानना सिर्फ राजनीतिक था. अंसारी के मुताबिक, गजनी और लोदी असल में भारतीय थे, जो इतिहास में बाहर से आने वाले आक्रमणकारी के रूप में दर्ज किए गए. उनका यह तर्क कि इतिहास को नए दृष्टिकोण से देखे जाने की आवश्यकता है, इतिहासकारों और राजनीतिक विशेषज्ञों के बीच बहस का कारण बन गया है. इस बयान ने बीजेपी समेत अन्य राजनीतिक दलों को आपत्ति जताने का मौका दिया है.

> बीजेपी ने इसे ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ करार दिया और कहा कि यह बयान न केवल भारतीय समाज में विभाजन पैदा करता है बल्कि विदेशी आक्रमणकारियों का महिमामंडन भी करता है. दूसरी ओर, अंसारी ने इस बयान से यह भी संकेत दिया कि भारतीय इतिहास के पुन: मूल्यांकन की आवश्यकता है. हालांकि, महमूद गजनी को 17 बार भारत लूटने के लिए जाना जाता है और लोदी वंश का अफगान मूल होने की बात ऐतिहासिक रूप से सही मानी जाती है.

# पान-मसाला व सिगरेट हो सकते हैं महंगे



### कई बड़े बदलाव के साथ होगी फरवरी की शरूआत

**नई दिल्ली, 30 जनवरी . जनवरी का महीना खत्म होने वाला है और आम बजट के साथ फरवरी महीने की शुरुआत होगी. नया महीना भी देश में कई बड़े बदलाव के साथ आने वाला है. इन चेंज का असर हर घर हर जेब पर देखने को मिलने वाला है.**

एक ओर जहां एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी होंगी, जो सीधे घर की रसोई के बजट से जुड़ी हैं, तो वहीं पान-मसाला और सिगरेट के शौकीनों को बड़ा झटका लगने वाला है.

हर महीने के पहले दिन ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं और 1 फरवरी 2026 को भी न्यू एलपीजी प्राइज जारी किए जाएंगे. बजट वाले दिन जारी होने वाली इन कीमतों पर देश की नजर रहेगी और लोग उम्मीद लगा रहे हैं कि इस बार 14 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया जा सकता है. वहीं फास्टैग यूजर्स के लिए भी नियम बदलने जा रहा है.

दरअसल, एनएचएआई ने पहली फरवरी से कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय केवाईसी वेरिफिकेशन प्रोसेस कर दिया है. ये एक बड़ी राहत मानी जा सकती है, जो नए महीने के पहले ही दिन से मिलने वाली है.

> तीसरे बदलाव की बात करें, तो ये पान-मसाला और सिगरेट के शौकीनों को झटका देने वाला है. दरअसल, रिपोर्ट के मुताबिक देश में 1 फरवरी 2026 से तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर अधिक टैक्स लगाए जाएंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के स्थान पर एक नया उत्पाद शुल्क और उपकर अधिसूचित किया है. बीते दिनों जारी अधिसूचना के अनुसार, तंबाकू और पान मसाला पर नए शुल्क लागू जीएसटी दरों के अतिरिक्त लगाए जाएंगे. जीएसटी के अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जाएगा, जिससे इनकी कीमतों में इजाफा होगा.

## ब्रांडेड कंपनियों के नकली जूते बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली.** पुलिस की आपराध शाखा ने नाइकी, एडिडास, न्यू बैलेंस और स्केचर्स जैसे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के नकली जूते बनाने वाली एक बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनिया विहार के चौहान पट्टी स्थित अंबे एन्क्लेव निवासी संदीप सिंह (44) को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है. यह कार्रवाई पराध शाखा की सूत्रधार, जालसाजी और अपहरण विरोधी सेल (एईकेसी) की टीम द्वारा की गई. टीम को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में ब्रांडेड कंपनी के नकली जूते बनाने के बारे में गुप्त सूचना मिली थी. सूचना की पुष्टि के बाद निगरानी की गयी और फिर विशेष टीम ने वहां छापेमारी की. बुधवार को की गई इस छापेमारी के दौरान पुलिस को छह भारी हीटिंग प्रेस मशीनें, नौ प्रिंटिंग स्क्रीन, ब्रांड लोगो प्रिंट करने वाली 131 डाई मिले.

# 2 .7 लाख दलित छात्रों को दी छात्रवृति

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने स्कॉलरशिप बांटने की शुरुआत की

**जालंधर, 30 जनवरी. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को स्थानीय पीएपी ग्राउंड में 2.7 लाख से ज्यादा अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृति बांटने की शुरुआत करते हुए कहा कि 'मिशन रंगला पंजाब' अभियान के तहत 271 करोड़ रुपये की पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप गवर्नेंस की प्राथमिकताओं में एक बड़ा बदलाव दिखाती है.**

श्री मान ने कहा जालंधर के पीएपी ग्राउंड में अनुसूचित जाति के स्टूडेंट को स्कॉलरशिप बांटी गई, जिससे राज्य में 2.5 लाख से ज्यादा बच्चों को स्कॉलरशिप मिलने की शुरुआत हुई. इस पहल का मुख्य



मकसद यह पक्का करना है कि जरूरतमंद परिवारों के बच्चे हायर एजुकेशन ले सकें. 2024-25 में स्कॉलरशिप पाने वाले स्टूडेंट्स की संख्या में 35 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है. स्कॉलरशिप फाइनेंशियल मदद नहीं है, बल्कि स्टूडेंट्स को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत जरिया है.

> कोशिश यह है कि कोई भी बच्चा पैसे की कमी से पढ़ाई से दूर न रहे या सपनों को छोड़ने पर मजबूर न हो. मान ने कहा स्कैम से 'पंजाब शाइन' तक पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप सामाजिक बदलाव का एक मज़बूत ज़रिया बन गयी है. इस बड़ी स्कीम ने उच्च शिक्षा ले रहे लाखों अनुसूचित जाति के छात्रों के सपनों को पंख दिये हैं. उन्होंने कहा कि 2017 से 2020 के बीच यह स्कीम लगभग रुक गयी थी, जिससे शिक्षण संस्थान छात्रों की डिग्री रोक रहे थे. उन्होंने कहा, इस स्कीम के तहत एक घोटाला हुआ और हर पंजाबी इससे दुखी था.

## ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर

**कैनबरा, 30 जनवरी.** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार एशिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर रख रही है. श्री बटलर ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है.

## भारत ने 151 मछुआरों को भेजा वापस

नई दिल्ली/ढाका, 30 जनवरी. भारत और बंगलादेश ने गुरुवार को अंतरर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को अनजाने में पार कर चुके मछुआरों की पारस्परिक रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पूरी की.

# गांधीजी की शिक्षाएं आज भी देश को सही दिशा दिखाने में सक्षम

### राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर केजरीवाल ने किया नमन

**नई दिल्ली, 30 जनवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.**

अपने संदेश में उन्होंने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सेवा के विचारों को आज भी समाज और राजनीति के लिए मार्गदर्शक बताया. केजरीवाल ने लिखा कि गांधी जी की शिक्षाएं आज भी देश को सही दिशा दिखाने में सक्षम हैं. अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में महात्मा गांधी को



शत-शत नमन करते हुए कहा कि उनके सिद्धांत केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी उतने ही प्रासंगिक हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि सत्य, अहिंसा और सेवा की भावना ही समाज में सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करती है. यह संदेश गांधीजी की पुण्यतिथि पर देशभर में साझा किया गया.

## आज का इतिहास

- 1561 – मुगल सेना के सेनापति बैरम खां की गुजरात के पाटन में हत्या.
- 1747 – लन्दन लॉक हॉस्पिटल में पहली बार बेंगलिया रोग क्लिनिक खोला गया.
- 1801 – जॉन मार्शल को संयुक्त राज्य अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया
- 1814– गेरवासिओ एंटोनियो डे पोसडास अर्जेन्टीना के मुख्य निदेशक चुना
- 1850– चीन में ताए पींगहा नाम से सबसे बड़ा जनान्दोलन आरंभ हुआ. ताए पींगहा चीनी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ जनता का संकल्प होता है.
- 1897 – कजेकोस्लाव ट्रेड यूनियन एसोसिएशन प्राग में स्थापित किया गया.

## अफगानिस्तान का काबुल में खुला पहला कैंसर केंद्र

**अफगानिस्तान.** अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है. मंत्रालय ने बयान में कहा, राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा. कैंसर केंद्र के उद्घाटन समारोह में, अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री नूर जलाल जलाली ने चिकित्सा विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की.


## न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी जिला इन्दौर, म.प्र.

(Administrative Complex Moti Tabela indore Pin - 452007)

क्रमांक/अकरी - 4/2025-26 / 532 इन्दौर, दिनांक : 29.01.2026.

**उपस्थिति हेतु सूचनापत्र**

निम्न वर्णित चूककर्ता ऋणियों से रिक्युटिराईजेशन एंड रिकस्ट्रक्शन आफ फायनेंशियल असेट्स एंड इनफोर्समेंट आफ सिक्युरिटी इन्टरेस्ट के एक्ट 2002 के तहत **PNB हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, कार्यालयः ऑफिस नं 2 बी, प्रथम तल, कॉपोरेट हाउस, आर एन.टी मार्ग, डी.ए. वी वी विश्वविद्यालय के पास, इदौर म.प्र.** द्वारा इस न्यायालय में उक्त अधिनियम की धारा 14 के तहत निम्न लिखितों के भिन्न भिन्न प्रकरणों में प्रस्तुत किये गय है :-

| क्रं | चूककर्ता ऋणियों का नाम | बकाया राशि | सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **1. श्री राहुल रजोले पिता श्री कैलाश चन्द्र रजोले 2. श्रीमती पूजा रजोले पति श्री राहुल रजोले पताः** 2150, सेक्टर डी, जारोलिया मार्किट, सुदामा नगर इन्दौर **अन्य पताः** मकान न. 11. बडजात्या फार्म हाउस श्रद्धापुरी ग्राम सिरपुर तहसील व जिला इन्दौर मकान न. 11, सर्वे न. 525/3/5/2 क (बटांकान पूर्व 525/3/5) बडजात्या फार्म हाउस श्रद्धापुरी ग्राम सिरपुर तहसील व जिला इन्दौर म.प्र. | रु. 5,83,139.99 | मकान न. 11, सर्वे न. 525/3/5/2 क (बटांकन पूर्व 525/3/5 बडजात्या फार्म हाउस श्रद्धापुरी ग्राम सिरपुर तहसील व जिला इन्दौर म.प्र. |

उक्त ऋणियों को इस न्यायालय द्वारा उनके वैद्य पते पर सूचनापत्र जारी किये गये परन्तु इन्हे इस पते पर उपलब्ध नही होने के कारण तामिल नही हो सके

अतः इस संबंध में उपरोक्त आप सभी को अन्तिम रूप से इस सार्वजनिक विज्ञप्ति ( हिन्दी / अंग्रेजी समाचार प) के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपके मामले की सुनवाई **मेरे न्यायालय प्रशासनिक संकुल रूम नं. 109 मोती तबेला कलेक्टोरेट कार्यालय इन्दौर में दिनांक 16/02/2026 को दोपहर 3.00 बजे** होगी। आप अपने जबाव एंव सम्पूर्ण दस्तावेजों सहित नियत तिथी एंव स्थान पर समय पर उपस्थित रहे अन्यथा की स्थिति में आपके विरुध एक पक्षीय कार्यवाही कर उपरोक्त अंकित प्रकरणो में आपकी उक्त वर्णित सम्पति आवेदक संस्था तर्फे सक्षम प्राधिकारी को कब्जा देने हेतु आदेषित किया जायेगा सर्व संबंधित सूचित हो ।

**अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी**
**अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, जिला इन्दौर, म.प्र.**



## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.
**धार शाखा:** प्लॉट नंबर-70, प्रथम मंजिल, त्रिमूर्ति नगर, मेन रोड, जिला धार - 454001 (मध्यप्रदेश)
**खरगोन शाखा:** शॉप नंबर - बी - 220 एवं 221, प्रथम मंजिल, बी - ब्लॉक, सीता वल्लभ सिटी मार्केट, डायवर्जन रोड, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, खरगोन - 451001 (मध्य प्रदेश)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता (ओ)(शाखा का नाम) | धरोहर संपति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 06800000083 एवं 06800000718/ धार शाखा) सलमान खान (ऋणी) इरफान खान (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अवासीय मकान सेटलमेंट नंबर 411, प.ह.न. पुराना 55 नया 100 गांव आबादी लुन्हे रबुजुर्ग तह. मनावर, धार, म. प्र., 454001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - कालेखा पिता शब्बा खां का मकान, पश्चिम - लुन्हेरा उमरबन रोड, उत्तर - फिरोज चाचा का मकान, दक्षिण - शाजदा खा पुत्र शबाब खा का मकान | 08-04-2025 & ₹ 5,42,813/- | 29-01-2026 |
| 2 | (लोन कोड नं. 12400000049/ खरगौन शाखा) लाखन तंवर (ऋणी) उषादेवी तंवर (सह-ऋणी) पवन तंवर (जमानतदार) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प.ह.न. 03, ग्राम शाहपुरा तहसील गोगावन जिला खरगौन, म.प्र.- 451001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - कच्चा रास्ता, उत्तर - अन्य मकान डॉ. मदनलाल से संबंधित, दक्षिण - अन्य प्लॉट एवं गली | 11-07-2022 & ₹ 11,22,696/- | 29-01-2026 |

**स्थान : मध्य प्रदेश**
**दिनांक : 31-01-2026**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/1579/लो.नि.शा./2026 रतलाम, दिनांक 28/01/2026

**:: ई-निविदा आमंत्रण ::**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 478770 | **वार्ड क्रमांक 27 अरिहंत परिसर सेक्टर A में सी. सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार। ( प्रथम आमंत्रण )** | 1- 04 माह 2- 5907035/- | 1-10000/- 2- 59070/- | 04-03-2026 15:30 |

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम, रतलाम**



## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**देवास शाखा :** प्लाट नं. 01, विमला टॉवर, दूसरी मंजिल, राम नगर, ए.बी. रोड़, देवास-455001, मध्य प्रदेश
**पीथमपुर शाखा:** शॉप नंबर डीयूजीएफ-46 एवं डीयूजीएफ-47, संपत्ति क्रं. 138 एवं 139, सुदर्शन कॉम्प्लेक्स एवं संस्कार वैली, महू-नीमच रोड, पीथमपुर, जिला-धार, म.प्र.- 453331
**उज्जैन शाखा:** 06 / प्रथम मंजिल, कमला नेहरू मार्ग, फ्रीगंज, आईडीबीआई बैंक के ऊपर, शहीद पार्क के पास, उज्जैन 456010 (म.प्र.)
**नीमच शाखा:** ग्राउंड फ्लोर, वल्लभ भवन 6, विकास नगर, अम्बेडकर नगर, नीमच-458441 (मध्य प्रदेश)

**ई-नीलामी - बिक्री सूचना**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (लोन कोड नं. 02100001007/ देवास शाखा) किरण गवली (ऋणी) विजय गवली एवं पवन गवली (सह-ऋणी) प्रहलाद गवली (जमानतदार) | 08-05-2024 & ₹ 7,93,641/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नंबर 1280 3 मिन 1 पटवारी हल्का नंबर 14 वार्ड नंबर 28 दुपाड़ा पुलिस लाइन रोड राजराजेश्वरी किराना के पास शाजापुर, मध्य प्रदेश - 465001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- सुरेंद्रसिंह का मकान, उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- 30 फीट चौड़ा लोकल रास्ता | Rs. 51,00,000/- | Rs. 5,10,000/- | भौतिक |
| 2. | (लोन कोड नं. 02110000333 / देवास शाखा) प्रेमसिंह जादव (ऋणी) रीना जादव एवं शुभम जादव (सह-ऋणी) | 10-07-2025 & ₹ 18,01,561/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जीएफ एंड एफएफ, बसंत बिहार कॉलोनी बघेल साहेब कॉलोनी नाम से ज्ञात, भोपाल रोड़ के भीतर, वार्ड नं. 03, प्लाट नं. 39-बी, सोनकच्छ देवास मध्य प्रदेश 455118. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- प्रमोद जी भावसार का प्लाट, पश्चिम- कॉलोनी का आम रास्ता, उत्तर- विक्रेता का शेष प्लाट नं. 39-ए, दक्षिण- सुशीला पति स्व. श्री जगदीश जी का मकान | Rs. 20,40,000/- | Rs. 2,04,000/- | भौतिक |
| 3 | (लोन कोड नं. 05100002518/ पीथमपुर शाखा) केशविंद कुर्मी (ऋणी) अरविन्द अहिरवार (जमानतदार) | 10-07-2025 & ₹ 6,26,545/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, 7 4 7 5 एकता नगर, प्लॉट नं. 120-ए का भाग, 120-ए से ज्ञात, एकता नगर स्थित, बंजारी तहसील, महू जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश-453441 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- प्लॉट नं. 120-सी, पश्चिम- कॉलोनी रोड, उत्तर- प्लॉट नं. 119, दक्षिण- प्लॉट नं. 120-बी | Rs. 6,30,000/- | Rs. 63,000/- | भौतिक |
| 4 | (लोन कोड नं. 02000000331 / उज्जैन शाखा) अनिता सतपाड़िया (ऋणी), मनोज कुमार झाला (जमानतदार) | 10-04-2024 & ₹ 5,87,991/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नंबर 2567 2 सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के पास, शिक्षक कॉलोनी बदनावर रोड, उज्जैन म.प्र. 456771 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - सड़क, पश्चिम - सड़क, उत्तर - पांचाल जी का खाली प्लॉट, दक्षिण - ज्योति शर्मा की खाली भूमि | Rs. 10,84,000/- | Rs. 1,08,400/- | भौतिक |
| 5 | लोन नं. 14400000184 / नीमच शाखा) अर्जुन धनगर (ऋणी) मोनिका धनगर (सह-ऋणी) | 09-05-2025 & ₹ 3,37,548/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, 574 / 1/1 पेकी बाबा रामदेव वार्ड पटवारी हल्का नंबर 33 सर्वे नंबर 574 /1 /1 पेकी बाबा रामदेव वार्ड नंबर 01 जिला नीमच, मध्य प्रदेश - 458110 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - उक्त सर्वे नंबर की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - अनिल धनगर की बेची गई भूमि | Rs. 6,06,480/- | Rs. 60,648/- | भौतिक |

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **06-03-2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **07-03-2026 दोप. 3:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है। 3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। 4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। 5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/ signup,** लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। 7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **दीपक मालवीया, (संपर्क नंबर 7583898990)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। 8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। 9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। 10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**स्थान : मध्यप्रदेश, दिनांक : 31.01.2026**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 113/सिविल/ 25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-15 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 27.01.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_477311_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 14 के अन्तर्गत पल्हर नगर में म.नं. 258 विष्णु जी चौहान के घर के पास एवं सामने वाली गली में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹23,22,519/- | ₹5,000/- ₹17,500/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 02 | 2026_UAD_477314_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत चन्द्रभागा कमल यादव जी के घर के पास से व्यासफला तक सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹13,64,127/- | ₹2,000/- ₹10,300/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 03 | 2026_UAD_477315_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 03 के अन्तर्गत नगीन नगर में कालका मंदिर से 215/बी सांई किराना सिटी स्टॉर स्कूल वाली रोड का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹32,06,355/- | ₹5,000/- ₹24,100/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 04 | 2026_UAD_477317_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 51 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु कॉलोनियों में सीमेन्ट कांक्रीट की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत/संधारण का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹10,17,296/- | ₹2,000/- ₹7,700/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 05 | 2026_UAD_477319_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अन्तर्गत श्री नगर कांकाड़ में शेख किराना वाली गली, सुपारी वाली गली की जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹11,01,087/- | ₹2,000/- ₹8,300/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 06 | 2026_UAD_477320_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अन्तर्गत बड़ा बांगड़दा में स्थित शा. माध्यमिक विद्यालय में छात्र/छात्राओं एवं स्टॉफ के लिये शौचालय एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करना। | 90 दिवस ₹7,24,035/- | ₹2,000/- ₹7,300/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 07 | 2026_UAD_477322_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत शासकीय हिन्दी कन्या माध्यमिक विद्यालय क्र. 20 में नवीन कक्षों का निर्माण एवं अन्य रिपेयरिंग कार्य करना। (आठवा आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,53,89,443/- | ₹12,500/- ₹77,000/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 08 | 2026_UAD_477324_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत साजन नगर में अनिल बुढ़ाना जी के पास वाली गली में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹27,75,305/- | ₹5,000/- ₹20,900/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 09 | 2026_UAD_478471_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत शनि मंदिर गेट से शनि मंदिर व व्यास फला चौराहे तक सिमेन्टीकरण का कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹35,61,305/- | ₹5,000/- ₹26,800/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 10 | 2026_UAD_478473_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 03 के अन्तर्गत नगीन नगर में नवकार सेवा आश्रम के सामने स्थित हनुमान मंदिर से म.नं. 614 एस.एल. नागर के मकान तक रोड का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹40,85,128/- | ₹5,000/- ₹30,700/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 11 | 2026_UAD_478474_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अन्तर्गत खजराना चौराहा सर्विस मार्ग पर स्थित शासकीय उ.मा. विद्यालय में नवीन कक्षों का निर्माण एवं अन्य अतिआवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹51,61,602/- | ₹10,000/- ₹38,800/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 12 | 2026_UAD_478476_1 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 28 के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु आवश्यक स्थानों पर रंगाई पुताई आदि कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,25,650/- | ₹2,000/- ₹9,300/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 13 | 2026_UAD_478478_1 | रिंगरोड स्थित तीन इमली ब्रिज के नीचे महापौर निधि से शहरी आजीविका केन्द्र का निर्माण करना। (महापौर निधि) | 180 दिवस ₹40,41,562/- | ₹5,000/- ₹30,400/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 14 | 2026_UAD_478481_1 | आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 में रेसिडेंशियल, कमर्शियल, मिक्स एरिया एवं अन्य स्थानों पर गाईड लाईन अनुसार आवश्यक सिविल मेन्टेनेंस का कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,32,165/- | ₹2,000/- ₹9,400/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |
| 15 | 2026_UAD_478484_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र 64 के अन्तर्गत तीन इमली मुक्तिधाम के पास पार्किंग हेतु पेवरीकरण का कार्य करना। | 90 दिवस ₹5,58,550/- | ₹2,000/- ₹5,600/- | 11-02-2026 6.00 PM 13-02-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**